स्थापना : 1959 पंजीयन क्र.: 59

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज,रायपुर (छ.ग.)

चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन. द्वितीय तल, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (छ.ग.) 492001

Chhattisgarh Chamber of Commerce & Industries, Raipur (C.G.)

Ch. Devilal Vyapar Udyog Bhawan, 2nd Floor, Bombay Market, Raipur (C.G.) INDIA

CCCI

Ph.: 0771-2539275, 4034572 , Fax : 0771-2539275

Website : www.cgchamber.org Email : info.cgchamber@gmail.com

प्रति, दिनांक: 25 मई 2020

माननीय मुख्य मंत्री जी
छत्तीसगढ़ शासन
प्रतिलिपि:
श्रीमान मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
श्रीमान अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
श्रीमान प्रमुख सचिव- वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन
श्रीमान वित्त सचिव-छत्तीसगढ़ शासन

विषय: प्रदेश में समस्त व्यापार को प्रतिदिन खोलने की अनुमति हेतु पुनः निवेदन

महोदय,

- **आदरणीय महोदय, 70 दिनों के व्यापार बंद से व्यापारियों की आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो चुकी है अतः अब अविलम्ब शुरू किया जाना अति आवश्यक है**
- **समस्त व्यापार प्रतिदिन शुरू होने से व्यापारियों की आर्थिक स्थिति तो सुधरेगी ही साथ ही आम नागरिकों/ उपभोक्ताओं को भी आवश्यक सहित समस्त वस्तुओं की पूर्ति हो सकेगी**
- **छत्तीसगढ़ के रायपुर सहित कुछ अन्य जिलों से पडोसी राज्यों को भी समस्त वस्तुओं की सप्लाय होती है अतः छत्तीसगढ़ में व्यापार सामान्य होने से प्रदेश शासन के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी**
- **अब यह तय हो चूका है कि कोरोना महामारी का प्रभाव जल्द समाप्त नहीं हो सकता** अतः प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को शुरू करते हुए कोरोना संक्रमण को रोकने जागरूकता पर केन्द्रित होना अधिक श्रेयष्कर होगा
- इधर प्रदेश में लॉक डाउन के कारण लगातार व्यापार बंद से सभी जिलों के बाज़ारों में आवश्यक सहित समस्त प्रकार के सामानों की कमी हो रही है/हो सकती है
- अधिकांश जिलों में बाज़ारों के आंशिक खुलने से बाज़ारों में भीड़ कम रखने के उद्देश्य के विपरीत भीड़ अधिक हो रही है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ा है और सोशल फिजिकल दूरी सहित अन्य सावधानियों का पालन करवाना प्रशासन और व्यापारियों के लिए कठिनतम हो गया है
- पुलिस विभाग और नगर निगम की अधिकांश टीम जिला प्रशासन के निर्देश विपरीत खुल रही दुकानों को बंद करवाने में लगी हुई है, हमारा सुझाव है कि व्यापार और दुकानों को सभी 6 दिन खुलवाकर इन टीमों को कोरोना संक्रमण से आम जनता को बचाने जागरूकता और सावधानियां पर अमल करवाने में लगाया जाना अधिक बेहतर और उपयोगी होगा
- चौक चौराहों सहित सभी सड़कों पर पुलिस विभाग, नगर निगम जोन कार्यालयों के निर्देशन में निरंतर उद्घोषणा सहित सजगता-सक्रियता रखकर जागरूकता के साथ आदत बनवाई जा सकती है सभी जिलों -शहरों -बाज़ारों में छत्तीसगढ़ चैम्बर के पदाधिकारी हैं उनके सहयोग से इसे और विस्तार दिया जा सकता है
- छत्तीसगढ़ चैम्बर के लोकप्रिय 70+ व्हाट्स एप ग्रुपों से प्रदेश के लगभग हर शहर के 15000+ व्यापारी सीधे जुड़े हैं जिनके माध्यम से हम शासन प्रशासन के संदेशों को मिनटों में उन तक पंहुचाने में सक्षम हैं सकते हैं, केवल रायपुर में ही 6000 व्यापारी सीधे चैम्बर के ग्रुपों से जुड़े हुए हैं- यह सभी ग्रुप ओनली एडमिन संचालित हैं अतः व्यापारियों द्वारा सभी सन्देश पढ़े जाते हैं

उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में आपसे विनम्र निवेदन है कि प्रदेश में अविलम्ब समस्त व्यापार- दुकानों को प्रतिदिन खोलने की अनुमति देवें

निवेदक:

रमेश गाँधी- चेयरमैन
M: 7000828500

जितेन्द्र बरलोटा- प्रदेश अध्यक्ष
M: 9425203200

चैम्बर हेल्प डेस्क टीम:

लोकेश जैन, चैम्बर उपाध्यक्ष
M: 9425214021

अश्वनी विग, चैम्बर मंत्री
M: 9826132208

प्रकाश लालवानी , चैम्बर मंत्री
M: 9827124318